पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-20 वृहस्पतिवार, दिनांक-24 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 बजे अपराह्न तक ।

(1) **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 56 पथ निर्माण विभाग को स्थानान्तरित ।

(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 57 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 02 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(v) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(vi) 03 तारांकित प्रश्न क्रमांक 1692, 1696 एवं 1700 क्रमशः जल संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग एवं पंचायती राज विभाग को स्थानान्तरित ।

(vii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(viii) 88 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री विनोद कुमार सिंह
(ii) श्री जनक सिंह
(iii) श्रीमती गुड्डी देवी
(iv) श्रीमती लेशी सिंह
(v) श्री विजय कुमार सिंह
(vi) श्री रामायण मांझी
(vii) श्री प्रदीप कुमार
(viii) श्री कृष्णनन्दन पासवान
(ix) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(x) श्री दिनेश कुमार सिंह
(xi) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xii) डा० इजहार अहमद
(xiii) डा० दाउद अली
(xiv) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xv) श्री सत्यदेव सिंह

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री प्रदीप कुमार की जल संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 16 एवं 18 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 25.03.2011 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(ii) माननीय सदस्य श्री उमाकांत यादव की ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री विजय कुमार मिश्रा एवं अन्य सभासदों के निगरानी विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री विजय कुमार मिश्र द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 28.03.2011 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 05.10 बजे अप० तक ।

(4) <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-</u>

<u>उद्योग विभाग</u> :-

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव मा० प्रभारी मंत्री श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री जावेद इकबाल अंसारी द्वारा उद्योग विभाग की मांग पर राज्य सरकार की उद्योग नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती रंजु गीता   (ii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्री अफाक आलम   (iv) श्रीमती सुनीता सिंह

(v) श्रीमती मुन्नी देवी   (vi) श्री ललित कुमार यादव

(vii) श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा   (viii) श्रीमती मंजू हजारी

(ix) श्री राहुल कुमार   (x) श्री प्रमोद कुमार सिंह

(xi) श्री अवधेश कुमार राय   (xii) श्री विजय कुमार सिन्हा

(xiii) श्री विनय बिहारी   (xiv) श्रीमती रजिया खातुन

माननीय प्रभारी मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग द्वारा अपने विभाग की भावी योजनाओं से सदन को अवगत कराया ।

''माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया''

माननीय प्रभारी मंत्री उद्योग विभाग, श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री जावेद इकबाल अंसारी का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा उद्योग विभाग का अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् शेष अनुदानों की मांग बारी-बारी से गिलोटिन द्वारा स्वीकृत हुए ।

(5) <u>निवेदन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 21 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 25 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-24 मार्च, 2011

गिरीश झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।